‘प्रत्येक सरकारी कार्मिक 10 परिवारों को एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करेंगे’

- जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों में होगा सघन पौधारोपण
- भरवाएं जायेंगे संकल्प पत्र- संभागीय आयुक्त

बीकानेर,(कासं)। जिले के समस्त सरकारी कार्यालयों में सघन पौधारोपण किया जायेगा। साथ ही प्रत्येक सरकारी कार्मिक व अधिकारी 10 अन्य परिवारों को एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करेंगे।

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने सोमवार को सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने कार्यालय परिसर में स्थान उपलब्धता के अनुरूप पौधों की संख्या सूची भेजें। स्थानीय मौसम और जलवायु के संदर्भों को ध्यान में रखते हुए वन विभाग तकनीकी मार्गदर्शिका तैयार करें।

बैठक में सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कहा कि नॉर्म्स के अनुसार पुलिस, परिवहन और सार्वजनिक निर्माण विभाग जिले में ब्लॉक स्पॉट तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर इनके उपचारात्मक उपायों के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग आदि के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है। इनकी रोकथाम के लिए समन्वित प्रयास जरूरी हैं।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पशुपालन विभाग संभाग की सभी गोशालाओं में दवा, पानी, छाया की व्यवस्था के संबंध में भौतिक सत्यापन करें। साथ ही जहां भी व्यवस्थाओं में कमी है वहां प्रभावी व्यवस्थाएं की जाए। इस कार्य में

राजकीय कार्यालयों में सघन पौधारोपण को लेकर हुई बैठक को संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने बैठक को संबोधित किया।

भामाशाहों आम ग्रामीणों से सहयोग लिया जाए। उन्होंने पशुपालन विभाग को जिले वार दवा खरीद कार्य आगामी दो दिन में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने चिकित्सा विभाग को जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों और जिला अस्पतालों में पेयजल, छाया इत्यादि की व्यवस्था का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त ने समस्त विभागों से ई फाइलिंग की जानकारी लेते हुए कहा कि विभागों के संभागीय कार्यालय अपने समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के कार्मिकों को ई फाइलिंग का प्रशिक्षण दिलवाएं। सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम के लिए नगर निगम से कार्यवाही की रिपोर्ट लेते हुए संभागीय आयुक्त सिंघवी ने कहा कि निगम पर्यावरण प्रदूषण मंडल की संयुक्त टीम 1 जून से प्रतिबंधित प्लास्टिक की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाएं। जब्ती की कार्यवाही के साथ जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाए।

उन्होंने स्थानीय स्वायत्त शासन निकायों व निगम को अपने यहां संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई के भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों और शहर की साफ-सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ओ. पी. बिश्नोई सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

पक्षियों के परिंडे बांधे : हनुमानगढ़ जिले में भीषण गर्मी का दौर जारी है। जगह-जगह राहगीरों के लिए छबील लगाई जा रही है। वहीं पशु पक्षियों की हालत भी बिगड़ रही है। इनकी प्यास बुझाने के लिए विभिन्न संस्थाओं की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे व खेली रखवाए जा रहे हैं। यूथ क्लब सोसायटी हनुमानगढ़ की ओर से जंक्शन में सिविल लाइन के एफ ब्लॉक स्थित पार्क में परिंडे बांधे गए।

क्लब के अध्यक्ष मंदीप सिंह, पुलिसकर्मी सुभाष मांझू, विजय भोबीया, हिमांशु चौधरी, छात्रा श्रृष्टि झा आदि मौजूद थे। सभी ने पेड़ों पर परिंडे बांधे। साथ ही उनमें पानी भरकर हर रोज परिंडों में पानी भरने का संकल्प लिया ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझ सके। मिशन उड़ान के तहत क्लब के सदस्य परिंडे लगाने का काम कर रहे हैं।

बिजली खपत बढ़ी : बीकानेर में प्रचण्ड गर्मी में अचानक बिजली की खपत बढ़ गई है। जिसके चलते ट्रांसफार्मर हांफने लगे है तथा इसी के साथ बिजली की आंख मिचौली भी शुरू हो गई है। बीकानेर के लूणकरनसर कस्बे स्थित 132 केवी जीएसएस में अचानक आग लगने के समाचार सामने आए है। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगी। इसकी सूचना मिलने के साथ ही विद्युत निगम विभाग तथा स्थानीय लोगों ने टैंकरों से आग पर पानी फेंककर आग पर काबू पाया। अन्यथा जीएसएस में बड़ा नुकसान हो सकता था।

समाधान शिविर 30 को : श्रीगंगानगर व हनुमागनढ़ जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं के लिये 30 मई को पूर्व सैनिक समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि शिविर में भूतपूर्व सैनिक एवं वीरांगनाएं अपने समस्त दस्तावेज (पीपीओ, डिस्चार्ज बुक, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, मोबाइल जो बैंक खाते से जुड़ा हुआ है) लाना है।

विमला को विद्या वाचस्पति की उपाधि

बीकानेर, (कासं) कवयित्री, साहित्यकार, समाजशास्त्री, समीक्षक एवं शिक्षाविद् विमला महरिया को मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय द्वारा उनके द्वारा समाजशास्त्र विषय में किए गये शोध कार्य के लिए विद्या वाचस्पति की उपाधि से विभूषित किया गया है।

इस अवसर पर शोध निर्देशिका डॉ. आशा गुप्ता, विभागाध्यक्ष डॉ. पूरनमल यादव, प्रोफेसर राजू सिंह, प्रोफेसर ज्योति उपाध्याय (एक्टर्नल), डॉ. कामिनी व्यास सहित अन्य विभागीय अधिकारी और शोधार्थी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि विमला महरिया ने डॉ. आशा गुप्ता के निर्देशन में स्वास्थ्य और सामाजिक विकास में योग की भूमिका : राजस्थान का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है।

अपने इस शोध में उन्होंने सामाजिक विकास में योग की भूमिका का विशद अध्ययन किया है जिसमें व्यक्ति द्वारा योग को आत्मसात किये जाने के परिणामस्वरूप होने वाले सकारात्मक प्रभावों और परिणामों का व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, सामरिक और पर्यावरणीय और पारिस्थितिकीय रूप में अनुसंधान किया है।

महरिया ने अपने शोध प्रबंध में योग को व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में लाभकारी बताते हुए सामाजिक विकास में इसकी आवश्यकता और महत्व को बताया है। अत: सामाजिक विकास के लिए वैज्ञानिक आधार पर और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इस प्रकार का शोध अध्ययन करना अत्यावश्यक है।

सार-समाचार

‘बरफ रै सैर मांय’ का लोकार्पण

कविता संग्रह ‘बरफ रै सैर मांय’ का लोकार्पण कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने किया।

बीकानेर,(कासं)। राजस्थानी विभाग, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सोमवार को कश्मीरी कविता संग्रह ‘पनून दोद-पनैन दग’ के राजस्थानी अनुवाद की पुस्तक ‘बरफ रै सैर मांय’ का लोकार्पण कुलपति सचिवालय परिसर में किया गया। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज दीक्षित ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार, कवि- कथाकार राजेन्द्र जोशी थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद-साहित्यकार ओमप्रकाश सारस्वत थे। कश्मीरी के वरिष्ठ साहित्यकार रफीक मसूद के कश्मीरी भाषा में लिखित कविता संग्रह का राजस्थानी भाषा में युवा साहित्यकार सुधा सारस्वत ने ‘बरफ रै सै’र मांय ’ शीर्षक से अनुवाद किया जिसको सूर्य प्रकाशन मंदिर ने प्रकाशित किया है। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर मनोज दीक्षित ने कहा कि कश्मीरी कविता संग्रह का राजस्थानी भाषा में सुधा सारस्वत ने बेहतरीन अनुवाद किया है। उन्होंने कहा कि ‘बरफ रै सै’र मांय’ किताब की पृष्ठभूमि अपनी मातृभूमि कश्मीर के इर्द गिर्द घूमती है। जिसमें ख़ास तौर से समय के साथ कश्मीर में व्याप्त विषमताओं का, जड़ों से जुड़ाव और जीवन की सीढियों में आने वाले अनपेक्षित बदलावों का मार्मिक चित्रण किया गया है। मुख्य अतिथि कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि अनुवाद मौलिक रचना में पर काया प्रवेश करने जैसा है। अनुवाद कर्म दोयम दर्जे का रचना-कर्म नहीं है। राजेन्द्र जोशी ने कहा कि सुधा ने कश्मीरी भाषा के साहित्य को राजस्थानी भाषा में अनुवाद कर इसके माध्यम से कश्मीर में रहने वाले की असली तस्वीर को राजस्थानी भाषा के पाठकों से रूबरू करवाने का प्रयास किया है। जोशी ने कहा कि कश्मीरी कविताओं का राजस्थानी में अनुवाद संवेदनशीलता की गहराई के साथ सांस्कृतिक विविधताओं का परिचय देता है। विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश सारस्वत ने कहा कि कश्मीरी और राजस्थानी दोनों भाषाएं अपने सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक मूल्यों के दृष्टि से बेहद समृद्ध है। शोधार्थी अनु राजपुरोहित ने सुधा सारस्वत के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। लोकार्पण समारोह में प्रोफेसर राजाराम चोयल, डॉ.अनिल कुमार दुलार, डॉ. प्रभुदान चारण, हितेन्द्र मारू, डॉ. गौतम मेघवंशी, रामावतार शर्मा, विनोद सारस्वत, मंजू सारस्वत, अनु राजपुरोहित, सोनाली छींपा, राजूनाथ, देव सारस्वत, शुभकरण उपाध्याय सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

सरकारी भूमि पर बना हेरोइन तस्कर का ठिकाना बुलडोजर से ध्वस्त

- छजगरिया मौहल्ले के पास एक करोड़ की कीमती सरकारी भूमि से कब्जा हटाया

श्रीगंगानगर, (कासं)। चिट्टा तस्कर छजगरिया मोहल्ला निवासी आकाश उर्फ बिल्ला छजगरिया ने छजगरिया मोहल्ले के पास सरकारी भूमि 20 गुणा 50 फीट साइज का कब्जा कर वहां पक्का निर्माण कर लिया था। पुलिस फोर्स की मौजूदगी में सोमवार सुबह इस अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस फोर्स के साथ नगर परिषद का अमला, दो जेसीबी, डंपर, ट्रैक्टर-ट्रॉलियां व कर्मचारी मौजूद थे।

शहर के छजगरिया मोहल्ला चिट्टा तस्करी का गढ़ बन गया है। करीब ढाई दशक से इस नशे के गढ पर पुलिस ने कई बार दबिश दी लेकिन अब तक चिट्टा पीने और पिलाने के इस धंधे का अंत नहीं हो पाया है।

पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने इस गढ़ में सेंध लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ उस तस्कर के ठिकाने पर निशाना बनाया जहां वह सरकारी भूमि पर कब्जा कर चिट्टा बेचने का धंधा करता हैं। सीओ सिटी आइपीएस बी आदित्य ने बताया कि

इस बीच एसपी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व अवैध धंधा में संलिप्त व्यक्तियों बाबत आसूचना संकलन के दौरान जवाहर नगर थानाधिकारी को सूचना प्राप्त हुई थी कि छजगरिया मोहल्ला निवासी आकाश उर्फ बिल्ला पुत्र किशन ने अपने रिहायशी मकान के बराबर गली के दूसरी तरफ सड़क व सरकारी भूमि पर कब्जा करके एक अवैध कमरा बना रखा है।

इस कमरा को अवैध चिट्टा विक्रय करने, छुपाने तथा नशेडी प्रवृति के व्यक्तियों को चिट्टा का सेवन करवाने के लिए उपयोग करता है। इससे आमजन पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। इस सूचना की तस्दीक की गई तो मीरा चौक से मौसम विभाग मुख्य रोड पर छजगरिया मोहल्ला व गुरू हरिकिशन नगर कॉलोनी की दीवार के कॉर्नर पर करीब 1 करोड़ रूपए कीमत की व्यवसायिक भूमि पर आकाश उर्फ बिल्ला की ओर से अवैध अतिक्रमण करके एक कमरा व अहाता बना रखा था। आरोपी बिल्ला के विरूद्ध दो एनडीपीएस एक्ट सहित कुल 9 प्रकरण दर्ज हैं। यह अपराधिक किस्म का व्यक्ति है। इस संबंध में नगर परिषद प्रशासन से संपर्क कर पुलिस जाब्ते के साथ टीम ने अवैध कमरा व अहाता का अतिक्रमण हटाया गया है।

सांड की टक्कर से बुझा घर का इकलौता चिराग

हनुमानगढ़, (कासं)। संगरिया तहसील में सांड की टक्कर लगने से घर का इकलौता चुराग बुझ गया।

मृतक की पहचान वार्ड 28 निवासी सन्नी सहारण (30) पुत्र ओमप्रकाश जाट के रूप में हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पार्षद अनिल भोबिया ने बताया कि करीब साढ़े नौ बजे मोटरसाईकिल पर सवार होकर सन्नी अपने घर तीन आरटीपी नहर पुलिया से होते हुए जा रहा था। ढाणी के पास अंधेरे में अचानक सांड से टकरा गया। सड़क पर गिरने से गंभीर घायल अवस्था में राजकीय अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार हुआ। सन्नी माता-पिता की इकलौती संतान था। घर में कमाने वाले एकमात्र शख्स की यूं मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया।

10 वीं में फेल होने से आहत छात्र ने दी जान

- 10 वीं कक्षा में दूसरी बार फेल होने से कीटनाशक पी लिया था

बीकानेर, (कासं)। जिले में 10 वीं कक्षा में फेल होने से एक छात्र इतना अधिक आहत हुआ कि उसने अपनी जान दे दी। दरअसल यह छात्रा दसवीं कक्षा में दूसरी बार फेल हुआ था। जिससे परेशान होकर उसने कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

इस आशय की रिपोर्ट मृतक के पिता ने खाजूवाला पुलिस थाने में दी है। दरअसल घटना चक 14 डीकेडी (बी) की है। जहां छात्र अशोक ने जीवन में आगे बढ़ने की बजाया मौत चुनी। मृतक के पिता श्रवण कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा अशोक 10 वीं कक्षा में पढ़ता था।

लगातार 10 वीं कक्षा में दूसरी बार फेल होने से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। 25 मई को उसने खेत स्थित ढाणी में कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसको अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

नगदी व जेवर चोरी : बीमार का इलाज कराने के लिए परिवार अहमदाबाद गया हुआ था। पीछे से सूने घर में घुसे चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

मामला जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस थाना क्षेत्र की खान कॉलोनी का है। टीमू पत्नी चंदुराम ने इस आशय की रिपोर्ट थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसके ससुर की तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण उनका इलाज कराने पूरा परिवार अहमदाबाद गया हुआ था। पीछे से चोरों ने उसके घर के ताले तोड़ जेवर व 65 हजार रुपये नगदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

खेलियों में डाला पानी, पालसिए लगाये

- पशुओं की खेलियों में पानी भरवाया, परिंदों के लिये पालसिए लगाए

बीकानेर, (कासं)। भीषण गर्मी के इस दौर में बीकानेर सेवा योजना के पदाधिकारी लगातार आठ दिनों से सुजानदेसर की गोचर में गायों को हरा चारा, पशुओं की खेलियों में टैंकर से पानी और बेजुबान परिंदों के लिये मिट्टी के पालसिए लगाने का काम करता आ रहा है। इसी क्रम में आज बच्छासर रोड पर रोही में स्थित पशुओं के लिये पानी की खेलियों में पानी भरा।

बीकानेर सेवा योजना के अध्यक्ष राजकुमार व्यास के अलावा उपाध्यक्ष सीमा पारीक, सुमन ओझा जोशी, रामलाल पंवार, प्रवक्ता पवन राठी, बद्रीदास जोशी, पूजा प्रजापत, हरिकिशन पंवार का विशेष सहयोग रहा। सुमन ओझा जोशी, सीमा पारीक ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इंटक के प्रदेश सैकरेट्री जनरल रमेश व्यास, बैंक ऑफ बड़ौदा के सेवानिवृत मुख्य प्रबंधक शिवकुमार व्यास का आर्थिक सहयोग प्रमुख है। वहीं बीकानेर सेवा योजना की दूसरी टीम ने जोड़बीड क्षेत्र में बेजुबान परिंदों के लिये मिट्टी के पानी युक्त पालसिए लगाये। इस पुनीत कार्य में छोटूलाल चूरा, हेमंत सोनी, राकेश चूरा, मुकेश चूरा, गजानन्द चूरा, मूलचंद चूरा, रामेश्वर ओझा, अनिल आचार्य, बाबूलाल चूरा सक्रिय रहे।

मसालों के 7 नमूने लिए

बीकानेर, (कासं)। आमजन को शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत मसालों से संबंधित अभियान के अंतर्गत सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मैसर्स नवीन ट्रेडिंग कंपनी एवं मैसर्स करणीजी मार्केटिंग पर निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान हल्दी, मिर्ची और धनिया पाउडर, काला नमक, चना मसाला, किचन किंग मसाला तथा गरम मसालों के 7 नमूने लिए गए। इन्हें जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भिजवाया जायेगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियम सम्मत कार्यवाही की जायेगी। कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानू प्रताप सिंह, सुरेन्द्र कुमार तथा राकेश गोदारा शामिल थे।

सरकारी जमीन को बेचकर लाखों रूपये हड़पे

- आरोपियों ने 25 बीघा जमीन फर्जी तरीके से बेच दी

बीकानेर,(कासं)। सरकारी जमीन को बेच देने का मामला बीछवाल पुलिस थाना क्षेत्र में सामने आया है। जमीन को बेच देने के बाद पता चला कि यह जमीन सरकारी है। फर्जी तरीके से सरकारी जमीन को बेचकर आरोपियों ने रूपये हड़प लिए।

इस आशय का मामला आरोपियों के खिलाफ थाने में दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक हनुमानगढ़ जंक्सन थाना क्षेत्र निवासी प्रमोद कुमार ने इस आशय की रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में पुलिस कॉलोनी बीकानेर निवासी भानु प्रताप सिंह भाटी तथा स्वामियों का मोहल्ला गजनेर रोड निवासी कमला देवी पुत्री सिमरथ सिंह को नामजद किया गया है।

आरोप है कि आरोपियों ने 25 बीघा कृषि जमीन फर्जी तरीके से उसको बेच दी। उसको बाद में पता चला कि यह जमीन सरकारी है। आरोपियों ने फर्जी तरीके से सरकारी जमीन को बेचकर रूपये हड़प लिए तथा उसको उसके रूपये वापस नहीं किए। दरअसल यह घटना 20 मई 2022 उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर की है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

सरपंच ने पानी की बारी को जोहड़ में लगाया : इन दिनों क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से गांव पीलीबंगा के सार्वजनिक जोहड़ में पानी नहीं होने के कारण भटक रहे निराश्रित पशुओं तथा जोहड़ में मर रही मछलियों को देखकर गांव के सरपंच रामूराम बेनीवाल ने अपने खेत की 12 घंटे सिंचाई की पानी की बड़ी को जोहड़ में छोडकर बेजुबान पशु व पक्षियों के लिए भलाई का कार्य किया। ग्रामीणों ने सरपंच रामूराम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरपंच ने सिंचाई पानी के अभाव में झुलस रही खेत में खड़ी फसल की चिंता नहीं की। पशुओं एवं बेजुबान पक्षियों के लिए सिंचाई पानी की बारी को जोहड़ में डलवाया।

सप्लाई लाइन से 50 से अधिक स्थानों पर पानी चोरी पर कार्रवाई करें : दुलीचंद

- रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अस्पताल में फार्मासिस्ट का पद रिक्त होने की तथा पानी का ट्यूबवैल नहीं होने की जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीणा ने रविवार को गुसाईसर में रात्रि चौपाल की और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। हीटवेव तथा डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित बीमारियों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया।

हीटवेव संबंधी बीमारियों के मरीजों के लिए डेडिकेटेड वार्ड तथा दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर को साफ सुथरा रखने के लिए निर्देशित किया। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अस्पताल में फार्मासिस्ट का पद रिक्त होने की तथा पानी का ट्यूबवैल नहीं होने की जानकारी दी।

इस दौरान डॉ. मीना ने 33 केवी जीएसएस का निरीक्षण किया। गोगामेड़ी मोहल्ले में लोड ज्यादा होने के कारण वहां आवश्यक कार्यवाही के लिए

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीणा ने गुसांईसर में रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

निर्देशित किया। सरपंच ने तेजरासर फाटा के पास ट्रांसफार्मर का लोड 40 एचपी से 60 एचपी करने के मांग की। उन्होंने सभी फीडरों में अंडरलाइन पोल की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य जीएलआर के पास बिजली के तार कई बार जल जाते हैं। गांव में गौशाला का ट्यूबवैल तथा एक अन्य ट्यूबवैल खराब होने की बात सामने आई। ग्रामीणों ने बताया कि ट्यूबवैल से जीएलआर के बीच सप्लाई लाइन से लगभग 50 से अधिक स्थानों पर पानी चोरी हो रहा है। डॉ. मीना ने समझाइश के आधार पर कनेक्शन कटवाने के लिए कहा और सख्त हिदायत दी कि ऐसा नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अटल सेवा केन्द्र की सीवर लाईन की सफाई के लिए ग्राम पंचायत को निर्देशित किया।

नृसिंहावतार प्रसंग सुनाया

बीकानेर, (कासं)। स्थानीय सुदर्शना नगर स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में चल रही संगीतमय भागवत कथा मे अपार श्रद्धालुजन उमड़ रहे हैं।

मीडिया प्रभारी शंकर सेवग ने बताया कि कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित श्रीकान्त ब्यास ने अपनी सुमधुर शैली में अजामिल उपाख्यान प्रसंग के अन्तर्गत बताया कि मनुष्य ने चाहे कितने भी घोर पाप क्यों न किये हों परन्तु जिसने नारायण का नाम जप लिया उसका काल्यण हो जाता है। इसके अतिरिक्त पंडित ब्यास ने नृसिंहावतार और भक्त प्रहलाद की नारायण के प्रति अटूट विश्वास युक्त भक्ति पर विस्तार से जानकारी दी।

पंडाल प्रभारी मुकेश धूडिया ने बताया कि नौतपा में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते सभी माकूल व्यवस्था की गई है। पूरे पंडाल में बड़े कूलर लगाये गए हैं जो समूचे वातावरण को शीतल बना रहे हैं। वहीं श्रद्धालुजनों को कथास्थल पर ही शीतल पेय पदार्थ दिये जा रहे हैं। श्रद्धालुजन भी भक्तिभाव से कथा का आनन्द ले रहे हैं।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/2990 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27.05.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेणु पत्नी श्री संजय कुमार निवासी म.नं. 211 ए, अशोक नगर ए, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 4/5 किला नं. 20/21 में माप 21 इंटू 50 फीट भूखंड सं. बी-138 पार्ट-2 साधु कॉलोनी	आवासीय नियमन पट्टा सं. 1221 दिनांक 24.2.2012 को श्री जगदीश प्रसाद डाबला पुत्र श्री महावीर प्रसाद डाबला के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है।	श्रीमती रेणु द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 24.6.2019 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती रेणु पत्नी श्री संजय कुमार निवासी म.नं. 211 ए, अशोक नगर ए, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर, (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2024 / 2984 दिनांक : 24/05/2024

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रवि कांत पुत्र श्री बाबूलाल निवासी म.न. 368 गली नं. 1, गुरूनानक बस्ती, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 64 के किला नं. 24 में माप 30 इन्टू 50 फीट भूखण्ड संख्या एचएस-123 हरदीप सिंह कॉलोनी	आवासीय नियमन पट्टा सं. 6341 दिनांक 22.08.2017 श्री लिखमीचन्द पुत्र श्री ताराचन्द के नाम से जारी है। नामान्तरण उपरान्त श्री मनीष जैन पुत्र श्री मदन लाल जैन के नाम से रिकॉर्ड में दर्ज है। जो आज की तिथि में दर्ज है।	श्री रवि कांत द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 09.05.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री रवि कांत पुत्र श्री बाबूलाल निवासी म.न. 368 गली नं. 1, गुरूनानक बस्ती, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। - सचिव नगर विकास न्यास , श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर, (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2024 / 2971 दिनांक : 22/05/2024

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मुक्ता पत्नी श्री आशीष गुप्ता निवासी 42 ई ब्लॉक, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 48 के किला नं. 25 में माप 15 इन्टू 40 फीट भूखण्ड संख्या 28 ए पार्ट गणगौर नगर	आवासीय नियमन पट्टा सं. 637 दिनांक 07.11.1989 को श्री मथरादास पुत्र श्री गंगादास के नाम से जारी है। जो आज की तिथि में दर्ज है।	श्रीमती मुक्ता द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 18.12.2023 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्रीमती मुक्ता पत्नी श्री आशीष गुप्ता निवासी 42 ई ब्लॉक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। - सचिव नगर विकास न्यास , श्रीगंगानगर

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.06.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बीकानेर, नोखा, 135170700014266, 135170730037363, 7377, पंच शती सर्कल, 115300700028082, 115300730075253, 5306, 5307, 5308, 5316, 5361, 115300780000137, 0138, श्री डुंगरगढ, 135300700013328, 3336, 135300730037146, गंगानगर, रायसिंह नगर, 135100700036100, 6114, 135100730038607, 8613, रविन्द्र पथ, 117420700036320, 6330, 117420730039004, 9028, 9042, सूरतगढ राजस्थान, 135560700023851, 135560730049311, 9320, 9328, 9335, 9338, 9339, 9345, 9354, 9360, 9377,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.